दिनांक–01.06.2024 समय–2.10पीएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

मतदान सातवां चरण

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान जारी है । इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। सुचारू और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने व्यापक प्रबंध किये हैं। इस चरण में पंजाब तथा उत्तर प्रदेश की 13–13, पश्चिम बंगाल की 09, बिहार की 08, ओडिशा की 06, हिमाचल प्रदेश की 04, झारखंड की तीन और चंडीगढ की एक सीट के लिए वोट डाले जा रहे हैं। मतदान सवेरे सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चलेगा।

इस चरण में कुल नौ सौ चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में शामिल हैं प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी, भाजपा के ही अनुराग सिंह ठाकुर, रविशंकर प्रसाद तथा कंगना रनौत, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी तथा विक्रमादित्य सिंह, राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती और तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी। आज ही ओडिसा विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए भी वोट डाले जा रहे हैं। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश की 6 और बिहार, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल की एक–एक विधानसभा सीट का उप–चुनाव भी हो रहा है।

....

प्रदेश मतगणना

प्रदेश में लोकसभा की सभी 29 सीटों के लिये 4 जून को होने वाली मतगणना के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने आज भोपाल के पुरानी केंद्रीय जेल स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया और उन्होंने तेज गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने बताया कि मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेष में 116 मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। यह प्रेक्षक अन्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी हैं। इनकी निगरानी में मतगणना की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। मतगणना का काम सुबह 8 बजे से शुरू होगा। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। उधर, बुरहानपुर में मतगणना की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

....

जल शक्ति–जन संचार इंटर्नशिप–शब्द

जल शक्ति मंत्रालय ने जनसंचार, पत्रकारिता या संबंधित क्षेत्रों में स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है। चयनित उम्मीदवारों को मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग में काम करने का अवसर मिलेगा। किसी मान्यता प्राप्त

कॉलेज या विश्वविद्यालय से जन संचार और पत्रकारिता में स्नातकोत्तर या डिप्लोमा कर रहे छात्र इस इंटर्नशिप के लिए पात्र होंगे। आवेदन करने की आखिरी तारीख 29 जून है।

....

विलीनीकरण दिवस

आज भोपाल विलीनीकरण दिवस है। गौरतलब है कि देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था लेकिन भोपाल को यह आजादी 1 जून 1949 को मिल पाई थी। इस दिन को गौरव दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। विलीनीकरण दिवस की पूर्व संध्या पर हर साल की भांति इस साल भी भोपाल में विषेष उत्सव मनाया गया। आज भी शहर में विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

....

जी डी पी–शब्द

देश का सकल घरेलू उत्पाद– जी डी पी की वास्तविक दर वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 8 दशमलव दो प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022–23 में जी डी पी विकास दर 7 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के अनुसार, वास्तविक जी डी पी यानी स्थायी मूल्यों पर आधारित जी डी पी, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 173 लाख करोड़ रूपये से अधिक के स्तर पर रहने का आकलन किया गया है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 5 से 16 जून तक टीकमगढ और आगरमालवा जिलों में नदियों, तालाबों एवं जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए नमामि गंगे अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत प्राचीन जलस्त्रोतों को पुनर्जीवन देने के प्रयास किये जाएगें।
- माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिये अब विद्यार्थी 10 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पत्रकारिता, जनसंचार, मीडिया, प्रबंधन, कम्प्यूटर, सिनेमा, विज्ञापन एवं जनसंपर्क,भाषा एवं प्रौद्योगिकी और संचार एव शोध जैसे विषयों में रुचि रखने वाले युवा एमपी ऑनलाइन या सीयूईटी के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं ।
- धार की ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर आर्किलाजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया द्वारा वैज्ञानिक सर्वे का कार्य लगातार किया जा रहा है। आज सर्वे का 72 वॉ दिन है।
- शिवपुरी जिले में चल रहे अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम को लेकर राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

....